# बिहार स्टेट पावर ट्रॉसमिशन कम्पनी लिमिटेड

## Bihar State Power Transmission Company Limited

(निबंधित कार्यालय, विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)
(Regd. Office: Vidyut Bhawan. Bailey Road, Patna)
CIN- U74110BR2012SGC018889
Website: www.bsptcl.bih.inc.in

पत्रांक CE(Training & ERP)/ SAP USER ID-03/2025 दिनांक

प्रेषक,

जीउत सिंह,
महाप्रबंधक (मा0सं0 / प्रशा0)

सेवा में,

महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा),
सभी मुख्य अभियंता,
बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना
महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, सभी संचरण जोन
सभी उप महाप्रबंधक (मा0सं0 / प्र0),
बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना
विद्युत अधीक्षण अभियंता, सभी संचरण अंचल
अधीक्षण अभियंता, सभी संचरण असैनिक अंचल,
विद्युत कार्यपालक अभिंयता, सभी संचरण प्रमण्डल
कार्यपालक अभियंता (असैनिक), सभी संचरण असैनिक प्रमण्डल

विषयः– SAP ID के उपयोग करने हेतु दिशा निर्देश।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में उल्लेखनीय है कि कतिपय मामलों में यह पाया गया है कि SAP ID के उपयोग में लापरवाही बरती जा रही है, जिसे निम्नलिखित कुछ महत्वपूर्ण उदाहरणों से समझा जा सकता हैः–

(1) कुछेक मामलों में पाया गया कि एक हीं SAP ID का उपयोग अलग–अलग कर्मियों के द्वारा किया जाता है, जो नियमानुकूल नहीं है।

(2) कुछेक मामलों में SAP ID उपयोग हेतु अधिकृत पदाधिकारियों के द्वारा ID एवं Password किन्हीं दूसरे कर्मी को Share कर दिया जाता है, जो उनके वास्ते ERP कार्य के दौरान कोई भी transaction या approval दे सकें। चूँकि यह एकल उपयोग हेतु निर्गत किया जाता है, ऐसे में अधिकृत पदाधिकारी के द्वारा ID एवं Password किन्हीं दूसरे कर्मी को Share करना नियमानुकूल नहीं है। ERP कार्य के दौरान कोई भी transaction या approval के फलस्वरुप system में Date, Time आदि अंकित हो जाता है। अगर User किसी खास समय पर किसी दूसरे Location या कार्य में संलग्न हैं तथा उसी समय पर उनके SAP ID से अगर कोई भी transaction या approval होता है तो एक हीं User किसी खास समय में दो location पर कैसे हो सकते हैं।

(3) कुछेक मामलों में पाया गया है कि User के अवकाश में प्रस्थान, स्थानान्तरण, सेवानिवृति अथवा पदत्याग के उपरान्त भी SAP ID का उपयोग किया जाता है, जो नियमानुकूल नहीं है।

(4) कुछेक मामलों में पाया गया है कि User के अवकाश में प्रस्थान, स्थानान्तरण, सेवानिवृति अथवा पदत्याग के उपरान्त SAP ID का उपयोग बिना कंपनी मुख्यालय की अनुमति या सूचना के किसी दूसरे पदाधिकारी के द्वारा किया जाता है, जो नियमानुकूल नहीं है।

विदित हो कि बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड में कार्यरत कर्मियों को आवश्यकता के अनुसार उनके पद एवं पदस्थापन के अनुरुप निर्धारित Roes & Authorisation के साथ कंपनी के द्वारा SAP ID उपयोग हेतु अधिकृत किया जाता है। अर्थात् प्रत्येक SAP ID के साथ अलग–अलग Roes & Authorisation की mapping रहती है। ऐसे में बिना कंपनी मुख्यालय की अनुमति के SAP IDs (ERP/ESS/FLM/FIORI/BIBO) का उपयोग किया जाना नियमानुकूल नहीं है।

अतः निदेशित किया जाता है कि SAP ID उपयोग अधिकृत कर्मियों के द्वारा हीं किया जाए। ID एवं Password किन्हीं दूसरे कर्मी को Share नहीं किया जाए। साथ हीं User के अवकाश में प्रस्थान, स्थानान्तरण, सेवानिवृति अथवा पदत्याग के उपरान्त किसी भी परिस्थती में SAP ID का उपयोग नहीं किया जाए। उनके स्थान पर जिन पदाधिकारी को प्रभार मिला है, की mapping system मे करवाने के उपरान्त कंपनी मुख्यालय की अनुमती से SAP ID का उपयोग कर किया जा सकता है।

विश्वासभाजन

ह0/–
(जीउत सिंह)

ज्ञापांक                                                  दिनांक

प्रतिलिपि प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी/ निदेशक (परियोजना)/ निदेशक (परिचालन), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

ह0/–

**महाप्रबंधक**
**(मा0सं0/प्रशा0)**

ज्ञापांक 1403                                                  दिनांक 06/06/25

प्रतिलिपि सी0डी0बी0ए0, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि इसकी प्रति कंपनी के वेब–साईट पर अपलोड करने की कृपा करें।

06/06/25
**महाप्रबंधक**
**(मा0सं0/प्रशा0)**